दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी　　　　　　　　　　　　　　　　कक्षा : सप्तमी

पाठ/प्रकरण का नाम :	एक तिनका	**समयावधि :**	40 मिनट
विद्यार्थी का नाम :	--------------------------------	**पूर्णांक :**	**20**
अनुक्रमांक (रोल नं.) :	....	**दिनांक :**	....../....../.....

निर्देश:- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|
3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

प्र. **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए-**

मैं घमंडों में भरा एठा हुआ,
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।
मैं झिझक उठा , हुआ बेचैन - सा ,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

1. **निम्नलिखित कौनसा विकल्प पाठ और कवि की दृष्टि से सही है -** 1

(क) एक तिनका - अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(ख) एक तिनका - भवानी प्रसाद मिश्र
(ग) एक तिनका - भगवतीप्रसाद वाजपेयी
(घ) एक तिनका - नागार्जुन

2. **आँख में तिनका जाने पर क्या हुआ ?** 1

(क) आँख दुखने लगी　　　　(ख) आँख लाल हो गई
(ग) वह दर्द से परेशान हो गया　　　　(घ) उपर्युक्त सभी

3. **कवि की आँख में तिनका चला गया जब वह -** 1

(क) घमंड से भरा हुआ था
(ख) बगीचे में घूम रहा था
(ग) मुंडेरे पर खड़ा था
(घ) खेती कर रहा था

4. निम्नलिखित कथन को ध्यानपूर्वक पढिए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

आँख में तिनका जाने पर कवि ने अनुभव किया -

(i) कवि परेशान हो गया

(ii) कवि का घमंड चूर हो गया

(iii) कवि खुश हो गया

(iv) कवि को कोई असर नहीं हुआ

(क) केवल (i)

(ख) केवल (i) एवं (ii)

(ग) केवल iv)

(घ) (i), (ii) एवं (iii)

5. एक तिनका पाठ में कवि ने क्या सीख दी है ? 1

(क) हमें छत पर खड़े नहीं होना चाहिए

(ख) हमें घर के अंदर रहना चाहिए

(ग) *हमे किसी को तुच्छ नहीं समझना चाहिए*

(घ) *हमे घमंड करना चाहिए*

(भाषा की बात पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)

6. *'ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी' वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द क्या है?* 1

(क) *ऐंठ*

(ख) बेचारी

(ग) *भगी*

(घ) *दबे पाँवों*

7. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म गलत है- 1

(क) आँख - नेत्र - नयन

(ख) आँख - नयन - लोचन

(ग) आँख - नीर - चक्षु

(घ) आँख - नेत्र - लोचन

8. 'दबे *पाँव आना'* मुहावरे का क्या अर्थ है ? 1

(क) आहट करके आना

(ख) बिना आहट के आना

(ग) *पाँव दबाकर आना*

(घ) डरकर आना

(वर्णनात्मक प्रश्न)

9. तिनकेवाली घटना से कवि को क्या प्रेरणा मिली ? 2

उत्तर:- --

----

10. कविता के दो अन्य शीर्षक सोचकर लिखिए । 2

उत्तर:- --

----

11. एक तिनका कविता में किस घटना की चर्चा की गई है? 2

उत्तर:- --

----

12. कवि की आँख में तिनका जाने पर आस-पास के लोगों ने क्या किया ? 2

उत्तर:- --

(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)

12. घमंड करने को मनुष्य के विकास का बाधक समझा जाता है। क्या आपमे घमंड करने की प्रवृत्ति है ? 4

उत्तर:- --

----

egyanarchive

उत्तरमाला

प्रश्न	दक्षता/उद्देश्य	उत्तर	
		(बहुविकल्पीय प्रश्न)	
1.	विश्लेषण	(ख) 1 -(iii), 2- (iv), 3-(ii), 4-(i)	1
2.	समझ	घ) उपर्युक्त सभी	1
3.	समझ	(ग) मुंडेरे पर खड़ा था	1
4.	समझ	(ख) केवल (i) एवं (ii)	1
5.	समझ	(ग) *हमे किसी को तुच्छ नहीं समझना चाहिए*	1
		(भाषा की बात पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)	
6.	समझ	(घ) *दबे पाँवों*	1
7.	अनुप्रयोग	(ग)आँख - नीर - चक्षु	1
8.	समझ	(ख) बिना आहट के आना	1
		(वर्णनात्मक प्रश्न)	
9.	अनुप्रयोग	तिनके वाली घटना से कवि समझ गया कि मनुष्य को कभी घमंड नहीं करना चाहिए । एक तिनके ने कवि को बेचैन कर दिया और उसकी औकात बात दी, उन्हें यह बात भी समझ में आ गई कि उन्हें परेशान करने के लिए एक तिनका ही काफ़ी है अतः उसे किसी बात पर घमंड नहीं करना चाहिए।	2
10.	अनुप्रयोग	**उत्तर:-** 1 मनुष्य की हैसियत 2 घमंड का परिणाम	2
11.	अनुप्रयोग	**उत्तर:- एक तिनका कविता में कवि ने एक** दिन की घटना की चर्चा की है जब वह अपने आप को सर्वश्रेष्ठ समझने लगता है तभी अचानक कहीं से एक तिनका उसकी आंख में आकर गिरता है, जिससे उसे बहुत तकलीफ़ हुई और उसकी आंख लाल होकर दुखने लगी बड़ी मुश्किल से वह तिनका कवि की आंख से निकला तब कवि को एहसास हुआ कि उसका घमंड तोड़ने के लिए एक तिनका ही काफी है।	2
12.	अनुप्रयोग	**उत्तर:- आस-पास के लोग कपड़े की** *मूँठ बनाकर कवि की आँख में पड़ा तिनका निकालने का प्रयास करने लगे।*	2
		(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)	4
13.	**सृजनात्मकता**	**उत्तर:-** घमंड या अहंकार मनुष्य के विकास में काफ़ी बाधक है । व्यक्ति को अपने आप पर या धन दौलत पर कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए । एक छोटी सी वस्तु या छोटा व्यक्ति भी हमारे घमंड को चुनौती देने की क्षमता रखता है और मुसीबत में डाल सकता है। मेरी सोच में किसी भी तरह की घमंड की प्रवृत्ति नहीं है । मैं एक सामान्य जीवन व्यतीत करती/करती हूँ।	